उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन विभाग

संख्या:78/2021/1493 /छप्पन-2021-58/2011
लखनऊ, दिनांक 17 अगस्त, 2021

अधिसूचना

पुलिस अधिनियम, 1861 (अधिनियम संख्या 5 सन् 1861) की धारा 2-क की उप धारा (3) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन कार्मिक भर्ती नियमावली, 2011 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं:-

उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन कार्मिक भर्ती (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2021

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1- (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन कार्मिक भर्ती (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2021 कही जाएगी।

(2) यह गजट में प्रकाशित किए जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

नियम-4 का संशोधन

2- उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन कार्मिक भर्ती नियमावली, 2011 (जिसे आगे ''उक्त नियमावली'' कहा गया है) में, नियम 4 के उप नियम 1 में:-

(1) खंड (1) में नीचे स्तम्भ-1 में दिए गए विद्यमान उप खण्ड (क), (ख) और (ग) के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिए गए उप खण्ड रख दिए जाएंगे, अर्थात् :-

स्तम्भ-1	स्तम्भ-2
विद्यमान उप खण्ड	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उप खण्ड
(क) निदेशक- यह पद उत्तर प्रदेश राज्य सचिवालय के विशेष सचिव से अनिम्न पद धारण कर रहे अथवा धारण कर चुके अधिकारियों में से स्थायी संविलयन / सेवा अन्तरण / प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाएगा।	**(क) निदेशक-** यह पद उत्तर प्रदेश शासन में विशेष सचिव से अनिम्न पद धारण करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग अथवा उत्तर प्रदेश प्रान्तीय सिविल सेवा संवर्ग (पी0सी0एस0 संवर्ग) के अधिकारियों में से नियुक्ति विभाग के माध्यम से सेवा स्थानान्तरण के आधार पर भरा जाएगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(ख) उप निदेशक- यह पद राज्य सरकार के अन्य विभागों में समकक्ष पद धारित करने वाले अधिकारियों में से स्थायी संविलयन द्वारा भरा जाएगा।	**(ख) अपर निदेशक (तकनीकी)-** यह पद संविदा के आधार पर किसी ऐसे व्यक्ति से भरा जाएगा जिसके पास अद्यतन एयरलाइन्स ट्रान्सपोर्ट पायलट लाइसैन्स या अद्यतन एयरलाइन्स ट्रान्सपोर्ट पायलट लाइसैन्स (एच0) या अद्यतन कॉमर्शियल पायलट लाइसैन्स या कॉमर्शियल हैलीकॉप्टर पायलट लाइसैन्स हो अथवा अद्यतन वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता का लाइसैन्स हो तथा यथास्थिति पायलट के रूप में 3000 घण्टे का उड़ान अनुभव हो अथवा वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता के रूप मे 10 वर्ष का कार्य अनुभव हो
(ग) उप निदेशक (प्रशासन)- यह पद उत्तर प्रदेश राज्य सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी का पद धारण करने वाले अधिकारियों में से स्थायी संविलयन/सेवा अन्तरण के आधार पर भरा जाएगा।	**(ग) अपर निदेशक (प्रशासन)-** यह पद सेवा स्थानान्तरण के आधार पर उत्तर प्रदेश प्रान्तीय सिविल सेवा संवर्ग के अधिकारियों (वेतन बैण्ड रू0 15600-39100, ग्रेड-वेतन रू0- 7600) में से नियुक्ति विभाग के माध्यम से भरा जाएगा।

(2) खण्ड (1) में नीचे स्तम्भ-1 में दिए गए विद्यमान उप खण्ड (ड.) के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया उप खण्ड रख दिया जाएगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1	स्तम्भ-2
विद्यमान उप खण्ड	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उप खण्ड
(ड.) मुख्य सुरक्षाअधिकारी- यह पद समकक्ष पद धारित करने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के अधिकारियों में से सेवा के स्थायी संविलयन द्वारा भरा जाएगा।	**(ड.) सुरक्षाअधिकारी-** **(समूह 'ख' सेवाएं)** यह पद सेवा स्थानान्तरण के आधार पर उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के अधिकारियों (वेतन बैण्ड रू0 15600-39100, ग्रेड-वेतन रू0 5400) में से गृह विभाग के माध्यम से भरा जाएगा।

(3) नीचे स्तम्भ-1 में दिए गए खण्ड (2) के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया खण्ड रख दिया जाएगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1	स्तम्भ-2
विद्यमान खण्ड	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड
(क) मुख्य अभियन्ता	(क) अपर निदेशक (तकनीकी)
(ख) वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता/हैलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता / वायुयान एवियानिक्स	(ख) मुख्य अभियन्ता

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

अभियन्ता	
(ग) गुणवत्ता प्रबन्धक	(ग) वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता/हैलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता/वायुयान एवियॉनिक्स अभियन्ता
(घ) एयरवर्दीनेस रिव्यू आफिसर	(घ) गुणवत्ता प्रबन्धक
(ङ) कम्प्यूटर प्रोग्रामर	(ङ) एयरवर्दीनेस रिव्यू आफिसर
(च) वैयक्तिक सहायक	(च) कम्प्यूटर प्रोग्रामर
(छ) कार्यालय अधीक्षक	(छ) वैयक्तिक सहायक
(ज) द्विभाषी स्टेनों सह टंकक	(ज) कार्यालय अधीक्षक
(झ) लेखाकार / कैशियर	(झ) द्विभाषी स्टेनो सह टंकक
(ञ) सिस्टम को-आर्डिनेटर	(ञ) लेखाकार / कैशियर
(ट) स्टोर कीपर	(ट) सिस्टम को-ऑर्डिनेटर
(ठ) सुरक्षा सुपरवाइजर	(ठ) स्टोर कीपर
(ड) तकनीशियन (फोरमैन/ वरिष्ठ वायुयान मैकेनिक / कनिष्ठ वायुयान मैकेनिक/वरिष्ठ वायुयान निरीक्षक /कनिष्ठ वायुयान निरीक्षक)	(ड) सुरक्षा सुपरवाइजर
(ढ) सहायक लेखाकार	(ढ) तकनीशियन (फोरमैन / वरिष्ठ वायुयान मैकेनिक / कनिष्ठ वायुयान मैकेनिक/वरिष्ठ वायुयान निरीक्षक /कनिष्ठ वायुयान निरीक्षक)
(ण) लेखा लिपिक (लेखा लिपिक /कनिष्ठ लेखा लिपिक)	(ण) सहायक लेखाकार
(त) लिपिक (वरिष्ठ लिपिक / फ्लाइट क्लर्क/भण्डार लिपिक/ कनिष्ठ लिपिक/टंकक)	(त) लेखा लिपिक (लेखा लिपिक /कनिष्ठ लेखा लिपिक)
(थ) ई0पी0ए0बी0एक्स0 आपरेटर	(थ) लिपिक (वरिष्ठ लिपिक / फ्लाइट क्लर्क / भण्डार लिपिक/ कनिष्ठ लिपिक/टंकक)
(द) जनरेटर आपरेटर	(द) ई0पी0ए0बी0एक्स0 ऑपरेटर
(ध) हेल्पर (अर्द्ध कुशल मैकेनिक / क्लीनर)	(ध) जनरेटर ऑपरेटर
(न) चपरासी / स्वीपर/ चौकीदार / सुरक्षा गार्ड / संदेश वाहक (डिस्पैच राइडर) / कुक / वेटर / कैश कुली/वार्ड ब्वाय आदि ।	(न) तकनीकी सहायक
(प) वाहन चालक (वाहन / ट्रैक्टर)	(प) चपरासी / स्वीपर / चौकीदार / सुरक्षा गार्ड / संदेश वाहक (डिस्पैच राइडर) / कुक / वेटर / कैश कुली/वार्ड ब्वाय आदि ।
	(फ) वाहन चालक (वाहन / ट्रैक्टर)

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

ऊपरदर्शित पद संविदा के आधार पर भरे जाएंगे। स्तम्भ-2 के (क) से (घ) तक के इन पदों पर भर्ती के समय उच्चतर अर्हता और अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को पारस्परिक सहमति के आधार पर उच्च संविदा वेतन की अनुज्ञा प्रदान की जा सकती है।

नियम-12 का संशोधन

3. उक्त नियमावली में, नियम 12 के उप-नियम (1) में नीचे स्तम्भ-1 में दिए गए खण्ड- (क) और (ख) के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिए गए खण्ड रख दिए जाएंगे, अर्थात्:-

स्तम्भ-1	स्तम्भ-2
विद्यमान खण्ड	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड
(क) निदेशक पद के लिए- इस पद पर सेवा के स्थायी संविलयन के आधार पर भर्ती के प्रयोजन के लिए एक चयन समिति गठित की जायेगी जिसमें निम्नलिखित होंगे- (एक) नागरिक उड्डयन विभाग में सरकार के प्रमुख सचिव/सचिव (दो) सचिवालय प्रशासन विभाग में सरकार के प्रमुख सचिव/सचिव या उनके नाम निर्देशिती जो विशेष सचिव से निम्न स्तर के न हों, (तीन) कार्मिक विभाग में सरकार के सचिव या उनके नाम निर्देशित जो विशेष सचिव से निम्न स्तर के न हों, **टिप्पणी:** ज्येष्ठ सचिव, चयन समिति का अध्यक्ष होगा।	**(क) निदेशक पद के लिए-** यह पद सेवा स्थानान्तरण के आधार पर नियुक्ति और कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भरा जाएगा।
(ख) उप निदेशक, उप निदेशक (प्रशासन), वित्त नियंत्रक और मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पद के लिए- इन पदों पर सेवा के स्थायी संविलयन / अन्तरण के आधार पर भर्ती के प्रयोजन के लिए एक चयन समिति गठित की जायेगी जिसमें निम्नलिखित होंगे- (एक) नागरिक उड्डयन विभाग में सरकार के प्रमुख सचिव/सचिव (दो) कार्मिक विभाग में सरकार के सचिव या उनके द्वारा नाम निर्देशिती जो संयुक्त सचिव से निम्न स्तर का न हो, (तीन) निदेशक	**(ख) अपर निदेशक (तकनीकी)** अपर निदेशक (तकनीकी) पर संविदा के आधार पर भर्ती के प्रयोजन के लिए एक चयन समिति गठित की जायेगी, जिसमें निम्नलिखित होंगे:- (एक) यथास्थित अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग उत्तर प्रदेश शासन - **अध्यक्ष** (दो) यथास्थित अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव, कार्मिक विभाग उत्तर प्रदेश शासन या उसका नाम निर्देशिती, जो संयुक्त सचिव की श्रेणी से निम्न का न हो- **सदस्य** (तीन) निदेशक, नागरिक उड्डयन, उत्तर प्रदेश सरकार- **सदस्य** (चार) सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट कोई तकनीकी विशेषज्ञ- **सदस्य**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

टिप्पणी :- ज्येष्ठ सचिव, चयन समिति का अध्यक्ष होगा।	(पाँच) अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट, अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों का संयुक्त सचिव की श्रेणी से अनिम्न एक अधिकारी- **सदस्य** (छः) अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट, अन्य पिछड़े वर्गों का संयुक्त सचिव की श्रेणी से अनिम्न एक अधिकारी- **सदस्य** अपर निदेशक (प्रशासन), वित्त नियन्त्रक और सुरक्षा अधिकारी के पद, सेवा स्थानान्तरण के आधार पर क्रमशः नियुक्ति विभाग, वित्त विभाग और गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भरे जाएंगे।

परिशिष्ट 'क' का संशोधन

4. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ-1 में दिए गए परिशिष्ट 'क' के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया परिशिष्ट रख दिया जाएगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1	स्तम्भ-2
(विद्यमान परिशिष्ट) स्थायी संविलयन / सेवा के आधार पर अन्तरण / सीधी भर्ती के लिए आशयित विभिन्न पदों के लिए अनुमन्य पदों और वेतनमान का विवरण (नियम 3 (2) और14 (क) देखें)	(एतद्द्वारा प्रतिस्थापित परिशिष्ट) सेवा स्थानान्तरण के आधार पर भर्ती के लिए आशयित विभिन्न पदों के लिए अनुमन्य पदों और उनके वेतनमानों का विवरण (नियम 3 (2) और14 (क) देखें)

क्रम संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या	पे-बैण्ड रूपये	ग्रेड वेतन रूपयं	नियुक्ति प्राधिकारी
1	2	3	4	5	6
समूह 'क'					
1.	निदेशक	01	67000-79000	-	राज्यपाल
2.	उप निदेशक	01	15600-39100	6600/-	राज्यपाल
3.	उप निदेशक (प्रशासन)	01	15600-39100	6600/-	राज्यपाल
4.	वित्त नियन्त्रक	01	37400-67000	8700/-	राज्यपाल
5.	मुख्य सुरक्षा अधिकारी	02	15600-39100	7600/-	राज्यपाल

क्रम संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन बैण्ड	ग्रेड वेतन	नियुक्ति प्राधिकारी
1	2	3	4	5	6
समूह 'क'					
1.	निदेशक	01	-	-	राज्यपाल
2.	अपर, निदेशक (प्रशासन)	01	15600-39100	रू0 7600/-	राज्यपाल
3.	वित्त नियन्त्रक	01	37400-67000	रू0 8700/-	राज्यपाल
समूह 'ख'					
1.	सुरक्षा अधिकारी	02	15600-39100	रू0 5400/-	राज्यपाल

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

परिशिष्ट 'ख' का संशोधन

5. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ-1 में दिए गए परिशिष्ट 'ख' के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया परिशिष्ट रख दिया जाएगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1	स्तम्भ-2
(विद्यमान परिशिष्ट) संविदा के आधार पर भर्ती के लिए आशयित विभिन्न पदों पर अनुमन्य पारिश्रमिक और पदों का विवरण (नियम 3 (2) और14 (ख) देखें)	(एतद्द्वारा प्रतिस्थापित परिशिष्ट) संविदा के आधार पर भर्ती के लिए आशयित विभिन्न पदों पर अनुमन्य पारिश्रमिक और पदों का विवरण [नियम 3 (2) और14 (ख) देखें]

क्रम संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या	पारिश्रमिक	नियुक्ति प्राधिकारी
1	2	3	4	5
1.	मुख्य अभियन्ता	1	1,25,000 से 2,00,000/-	राज्यपाल
2.	वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (अपर मुख्य / वरिष्ठ/ सहायक वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता)	3	1,25,000 से 2,00,000/-	राज्यपाल
3.	हैलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता (अपर मुख्य / वरिष्ठ/ सहायक हैलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता)	3	1,25,000 से 2,00,000/-	राज्यपाल
4.	वायुयान एवियानिक्स अभियन्ता (अपर मुख्य / वरिष्ठ/ सहायक वायुयान एवियानिक्स अभियन्ता)	1	1,25,000 से 2,00,000/-	राज्यपाल
5.	गुणवत्ता प्रबन्धक	1	1,25,000 से 2,00,000/-	राज्यपाल

क्रम संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या	पारिश्रमिक	नियुक्ति प्राधिकारी
1	2	3	4	5
1.	अपर निदेशक (तकनीकी)	1	2,50,000 से 3,50,000/-	राज्यपाल
2.	मुख्य अभियन्ता	1	1,50,000 से 2,50,000/-	राज्यपाल
3.	वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (अपर मुख्य / वरिष्ठ/ सहायक वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता)	3	1,50,000 से 2,50,000/-	राज्यपाल
4.	हैलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता (अपर मुख्य / वरिष्ठ/ सहायक वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता)	3	1,50,000 से 2,50,000/-	राज्यपाल
5.	वायुयान एवियानिक्स अभियन्ता (अपर मुख्य / वरिष्ठ/ सहायक वायुयान	1	1,50,000 से 2,50,000/-	राज्यपाल

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

							एवियानिक्स अभियन्ता)			
6.	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	1	31,000/-	राज्यपाल		6.	गुणवत्ता प्रबन्धक	1	1,50,000 से 2,50,000/-	राज्यपाल
7.	एयरवर्दीनेस रिव्यू आफिसर	3	25,000 से 30,000/-	निदेशक		7.	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	1	47,200/-	निदेशक
8.	वैयक्तिक सहायक	1	20,000/-	निदेशक		8.	एयरवर्दीनेस रिव्यू ऑफिसर	3	36,574/-	निदेशक
9.	कार्यालय अधीक्षक	1	20,000/-	निदेशक		9.	वैयक्तिक सहायक	1	30,180/-	निदेशक
10.	लेखाकार / कैशियर	1	20,000/-	निदेशक		10.	कार्यालय अधीक्षक	1	30,180/-	निदेशक
11.	सिस्टम को-आर्डिनेटर	1	20,000/-	निदेशक		11.	लेखाकार / कैशियर	1	30,180/-	निदेशक
12.	द्विभाषी स्टेनो सह टंकक	1	17,000/-	निदेशक		12.	सिस्टम को-ऑर्डिनेटर	1	30,180/-	निदेशक
13.	स्टोर कीपर	2	17,000/-	निदेशक		13.	द्विभाषी स्टेनो सह टंकक	1	17,660/-	निदेशक
14.	सुरक्षा सुपरवाइजर	1	17,000/-	निदेशक		14.	स्टोर कीपर	2	25,430/-	निदेशक
15.	तकनीशियन (फोरमैन/ वरिष्ठ वायुयान मैकेनिक / कनिष्ठ वायुयान मैकेनिक/वरिष्ठ वायुयान निरीक्षक /कनिष्ठ वायुयान निरीक्षक)	26	17,000/-	निदेशक		15.	सुरक्षा सुपरवाइजर	1	25,430/-	निदेशक
16.	सहायक लेखाकार	1	15,000/-	निदेशक		16.	तकनीशियन (फोरमैन/ वरिष्ठ वायुयान मैकेनिक / कनिष्ठ वायुयान मैकेनिक/ वरिष्ठ वायुयान निरीक्षक /कनिष्ठ वायुयान निरीक्षक)	26	22,730/-	निदेशक
17.	लेखा लिपिक (लेखा लिपिक /कनिष्ठ लेखा लिपिक)	2	15,000/-	निदेशक		17.	सहायक लेखाकार	1	25,430/-	निदेशक
18.	लिपिक (वरिष्ठ लिपिक / फ्लाइट क्लर्क/भण्डार लिपिक/ कनिष्ठ लिपिक/टंकक)	7	12,000/-	निदेशक		18.	लेखा लिपिक (वरिष्ठ लेखा लिपिक /कनिष्ठ लेखा लिपिक)	2	15,000/-	निदेशक
19.	ई0पी0ए0बी0 एक्स0 आपरेटर	3	15,000/-	निदेशक		19.	लिपिक (लिपिक/	7	17,660/-	निदेशक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

20.	जनरेटर आपरेटर	1	12,000/-	निदेशक
21.	हेल्पर (अर्द्ध कुशल मैकेनिक / क्लीनर)	19	10,000/-	निदेशक
22.	चपरासी / स्वीपर/ चौकीदार / सुरक्षा गार्ड / संदेश वाहक (डिस्पैच राइडर) / कुक / वेटर / कैश कुली/वार्ड ब्वाय आदि ।	22	10,000/-	निदेशक
23.	वाहन चालक (वाहन / ट्रैक्टर)	10	12,000/-	निदेशक

	भण्डार लिपिक / टंकक)			
20.	ई0पी0ए0बी0 एक्स0 आपरेटर	3	22,330/-	निदेशक
21.	जनरेटर ऑपरेटर	1	17,660/-	निदेशक
22.	तकनीकी सहायक	19	16,270/-	निदेशक
23.	चपरासी / स्वीपर/ चौकीदार / सुरक्षा गार्ड / संदेश वाहक (डिस्पैच राइडर) / कुक / वेटर / कैश कुली/वार्ड ब्वाय आदि ।	22	16,070/-	निदेशक
24.	वाहन चालक (वाहन / ट्रैक्टर)	10	17,660/-	निदेशक

परिशिष्ट 'ग' का संशोधन

6. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ-1 में दिए गए परिशिष्ट 'ग' के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया परिशिष्ट रख दिया जाएगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1	स्तम्भ-2
(विद्यमान परिशिष्ट) (नियम 6 देखें)	(एतद्द्वारा प्रतिस्थापित परिशिष्ट) (नियम 6 देखें)
1. मुख्य अभियन्ता पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- 5700 कि0ग्रा0 ए0यू0डब्लू0 और 800 अश्व शक्ति इंजन के ओपर कवरिंग सभी एकल इंजन वायुयान वाले कम से कम दो श्रेणियों के साथ, श्रेणी 'ए''बी''सी''एक्स'या 'ए''सी''डी''एक्स'में महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार का करेन्ट एयरक्राफ्ट मेन्टीनेन्स इन्जीनियर लाइसैन्स।	1. अपर निदेशक (तकनीकी) के पद हेतु अनिवार्य अर्हता- अर्हता- अभ्यर्थी के पास महानिदेशक, नागरिक उड्डयन, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत अद्यतन एयरलाइन्स ट्रान्सपोर्ट पायलट लाइसैन्स अथवा अद्यतन एयरलाइन्स ट्रान्सपोर्ट पायलट लाइसैन्स (एच0) अथवा अद्यतन कामर्शियल पायलट लाइसैन्स अथवा अद्यतन कॉमर्शियल हैलीकॉप्टर पायलट लाइसैन्स अथवा अद्यतन

http://shasanadesh.up.gov.in

<u>अधिमानी अर्हता</u>- उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा प्रचालित वायुयान पर वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता का एन्डोर्समेन्ट। या 3000 कि0ग्रा0 और 300 बी0एच0पी0 तक के ओपन कवरिंग सभी एकल इंजन वायुयान वाले कम से कम दो श्रेणियों के साथ श्रेणी 'ए''बी''सी''डी'और 'एक्स'में महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार का करेन्ट एयरक्राफ्ट मेन्टीनेन्स इन्जीनियर लाइसैन्स। <u>अधिमानी अर्हता</u>- उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा प्रचालित वायुयान पर एयरक्राफ्ट मेन्टीनेन्स इन्जीनियर का एन्डोर्समेन्ट। या (1) 5700 किग्रा0 ए0यू0डब्लू0 तक ओपन रेटिंग सहित वायुयान रेडियो अनुरक्षण अभियन्ता लाईसैन्स श्रेणी 'ए'जो संचार, ए0डी0एम0, वी0ओ0आर0, आई0एल0एस0, डी0एम0ई0 और राडार उपकरणों को आच्छादित करे। (2) श्रेणी 'बी' में ओपने रेटिंग जो संचार तथा ए0डी0एफ0 उपकरण के साथ स्थापित 5700 किग्रा0 के समस्त वायुयानों को आच्छादित करे। <u>अधिमानी अर्हता</u>- उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा प्रचालित वायुयान पर एयरक्राफ्ट मेन्टीनेन्स इन्जीनियर का पृष्ठांकन। <u>अनुभव</u>- न्यूनतम 15 वर्षों का विमानन अनुभव।	वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता का लाइसैन्स । <u>अनुभव</u>- उड़ान अनुभव- 3000 घण्टे । अथवा वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता के रूप में 10 वर्ष का कार्य अनुभव।
2. <u>वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता के पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>- <u>अर्हता</u>- महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार का किसी हैलीकॉप्टर पर श्रेणी 'ए'और 'सी'में करेन्ट एयरक्राफ्ट मेन्टीनैन्स इन्जीनियर लाइसैन्स। <u>अनुभव</u>- वैमानिकी में पांच वर्ष का अनुभव।	2. <u>मुख्य अभियन्ता के पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>- <u>अर्हता</u>- महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा जारी अद्यतन वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता का लाइसैन्स जो सी0ए0आर0-66 के अनुसार निम्नलिखित से आच्छादित हो:- (क) श्रेणी 'C' या B1.1 (समूह 1 के विमान टरबाईन, एयरफ्रेम और इन्जन से

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

<u>अधिमानी अर्हता-</u> उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा प्रचालित वायुयान पर वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता का पृष्ठांकन।	आच्छादित हुए हो) अथवा श्रेणी - C या B1.3 में (समूह 1 के हैलीकॉप्टर टरबाईन, एयरफ्रेम और इन्जन से आच्छादित हो) पर किसी भी 02 टरबाईन इन्जन के विमान / हैलीकॉप्टर का पृष्ठांकन हो। या (ख) किसी टरबाईन इन्जन वाले विमान / हैलीकॉप्टर पर श्रेणी 'सी' या 'बी2' (इलैक्ट्रिकल इंस्ट्रूमैन्ट और रेडियो सिस्टम से आच्छादित हो) और अतिरिक्त रूप से किन्हीं दो टरबाईन इन्जन वाले विमानों / हैलीकॉप्टरों पर रेडियो सिस्टम को आच्छादित करता हो। <u>अधिमानी अर्हता</u>- (क) नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रचालित किसी टरबाईन इन्जन वाले विमान / हैलीकॉप्टर / एवियानिक्स पर अद्यतन वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता लाइसैन्स। (ख) प्रबन्धक के रूप में कम से कम पाँच वर्ष का प्रशासनिक अनुभव। <u>अनुभव</u>- (क) कुल न्यूनतम 20 वर्ष का उड्डयन-अनुभव। (ख) किसी टरबाईन इन्जन वाले विमान/ हैलीकॉप्टर पर विमान / हैलीकॉप्टर / एवियानिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव।
3. <u>हैलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद के लिए अनिवार्य अर्हता-</u> <u>अर्हता-</u> महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार का किसी हैलीकॉप्टर पर श्रेणी 'ए'और 'सी'में करेन्ट हैलीकॉप्टर मेन्टीनेन्स इंजीनियर लाइसैन्स। <u>अनुभव</u>- वैमानिकी में पांच वर्ष का अनुभव। <u>अधिमानी अर्हता</u>- उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा प्रचलित हैलीकॉप्टर पर हैलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता का पृष्ठांकन।	3. <u>वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता के पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>- <u>अर्हता</u>- किसी टरबाईन इन्जन वाले विमान पर श्रेणी 'ग' या 'बी1.1' (समूह '1' विमान टरबाईन, जिसमें एयरफ्रेम और इंजन आच्छादित हो) को आच्छादित करने हेतु सी0ए0आर0-66 के अनुसार महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा जारी अद्यतन वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता लाइसैन्स। <u>अनुभव</u>- (क) कुल न्यूनतम 10 वर्ष का विमानन अनुभव। (ख) किसी टरबाईन इन्जन वाले विमान पर वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता के रूप में न्यूनतम पाँच वर्ष का अनुभव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	अधिमानी अर्हता- नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रचालित किसी टरबाईन इन्जन वाले विमान पर अद्यतन वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता लाइसैन्स।
4. एवियानिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार का श्रेणी 'ई' 'आई' और 'आर' में करेन्ट एयरक्राफ्ट रेडियो मेन्टीनेन्स इंजीनियर लाइसैन्स। अनुभव- एयरक्राफ्ट रेडियो मेन्टीनेन्स इंजीनियर के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव। अधिमानी अर्हता- उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा प्रचालित वायुयान पर श्रेणी 'आर'में लाइसैन्स का पृष्ठांकन।	4. हैलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- किसी टरबाईन इन्जन हैलीकॉप्टर पर श्रेणी 'ग' या 'ख 1.3' (समूह 1 हैलीकॉप्टर टरबाईन, जिसमें एयरफ्रेम और इन्जन आच्छादित हो) को आच्छादित करने के लिए सी0ए0आर0-66 के अनुसार महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा जारी अद्यतन वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता लाइसैन्स । अनुभव- (क) कुल न्यूनतम 10 वर्ष का उड्डयन अनुभव। (ख) किसी टरबाईन इन्जन हैलीकॉप्टर पर हैलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के रूप में न्यूनतम पाँच वर्ष का अनुभव। अधिमानी अर्हता- नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रचालित किसी टरबाईन इन्जन वाले हैलीकॉप्टर पर अद्यतन वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता लाइसैन्स।
5. गुणवत्ता प्रबन्धक के पदों के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार का किसी वायुयान पर श्रेणी 'क'और 'ग'में वायुयान अनुरक्षण अभियांत्रिकी का अद्यतन लाइसैन्स। अनुभव- उड्डयन में पांच वर्ष का अनुभव। अधिमानी अर्हता- वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता जिसके साथ उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा परिचालित किसी वायुयान का पृष्ठांकन भी हो। या	5. एवियानिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के पद के लिए अनिवार्य अर्हता - अर्हता- किसी टरबाईन इन्जन वाले विमान / हैलीकॉप्टर पर श्रेणी 'ग' या 'ख 2' (जिसमें इलेक्ट्रिकल इन्स्ट्रूमेन्ट तथा रेडियो सिस्टम आच्छादित है), को आच्छादित करने के लिए सी0ए0आर0-66 के अनुसार महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा जारी अद्यतन वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता लाइसैन्स। अनुभव- (क) कुल न्यूनतम 10 वर्ष का विमानन अनुभव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार का किसी हैलीकॉप्टर पर श्रेणी 'क' और 'ग' में वायुयान अनुरक्षण अभियांत्रिकी का अद्यतन लाइसैन्स। अनुभव- उड्डयन में पांच वर्ष का अनुभव। अधिमानी अर्हता- हैलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता जिसके साथ उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा परिचालित हैलीकॉप्टर का पृष्ठांकन भी हो। या महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार का श्रेणी 'ड.', 'झ' और 'त' में वायुयान अनुरक्षण अभियांत्रिकी का अद्यतन लाईसैन्स। अनुभव- वायुयान रेडियो अनुरक्षण अभियन्ता के रूप में न्यूनतम चार वर्ष का अनुभव। अधिमानी अर्हता- उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा परिचालित वायुयान का पृष्ठांकन।	(ख) किसी टरबाईन इन्जन वाले विमान / हैलीकॉप्टर पर किसी एवियानिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के रूप में न्यूनतम पाँच वर्ष का अनुभव। अधिमानी अर्हता- नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रचालित किसी टरबाईन इन्जन वाले विमान / हैलीकॉप्टर पर अद्यतन एवियानिक्स वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता लाइसैन्स।
6. कम्प्यूटर प्रोग्रामर के पद के लिए आवश्यक अर्हता (1)- कम्प्यूटर विज्ञान में अभियांत्रिकी स्नातक की उपाधि। अनुभव- किसी सरकारी संस्था या निगम में कम्प्यूटर अप्लीकेशन का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव। या (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान के साथ विज्ञान में स्नातक की उपाधि । (2) कम्प्यूटर अप्लीकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। अनुभव- किसी सरकारी संस्था या निगम में कम्प्यूटर अप्लीकेशन का कम से कम पांच वर्ष का अनुभव। अधिमानी अर्हतायें- विमानन के क्षेत्र में कम्प्यूटर अप्लीकेशन का अनुभव।	6. गुणवत्ता प्रबन्धक के पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- सी0ए0आर0-66 के अनुसार महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा जारी अद्यतन वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता लाइसैन्स, जो किसी टरबाईन इन्जन विमान पर श्रेणी 'ग' अथवा श्रेणी 'ख 1.1' (समूह 1 टरबाईन वायुयान, जिसमें एयरफ्रेम और इन्जन सम्मिलित हैं) को आच्छादित करता हो या किसी टरबाईन इन्जन वाले हैलीकॉप्टर पर श्रेणी 'ग' अथवा श्रेणी 'ख 1.3' (समूह 1 टरबाईन हैलीकॉप्टर जिसमें एयरफ्रेम और इन्जन सम्मिलित हों), को आच्छादित करता हो या किसी टरबाईन इन्जन वाले हैलीकॉप्टर पर श्रेणी 'ग' अथवा श्रेणी 'ख 2' (जिसमें विद्युत, इन्स्ट्रूमैन्ट तथा रेडियो सिस्टम सम्मिलित हो), को आच्छादित करता हो। अनुभव-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	(क) कुल न्यूनतम 10 वर्ष का उड्डयन अनुभव। (ख) किसी टरबाईन इंजन वाले विमान / हैलीकॉप्टर पर वायुयान / हैलीकॉप्टर / एवियानिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के रूप में न्यूनतम पाँच वर्ष का अनुभव। या सी0ए0आर0-145 के अनुसार गुणवत्ता/कैमो प्रबन्धन का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव। <u>अधिमानी अर्हता</u>- नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रचालित किसी टरबाईन इन्जन वाले विमान / हैलीकॉप्टर / एवियानिक्स पर अद्यतन वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता लाइसैन्स और नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश का सी0ए0आर0-145 गुणवत्ता / सी0ए0एम0ओ0 प्रबन्धन अनुभव।
7. <u>एयरवर्दीनेस रिब्यू आफिसर पद के लिए अनिवार्य अर्हता-</u> (1) विधि द्वारा स्थापित किसी भारतीय विश्वविद्यालय या समकक्ष से एयरोनाटिकल या एवियानिक्स या मेकैनिकल या इलेक्ट्रिकल शाखा में अभियंत्रण उपाधि। या (1) (क) प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा या किसी राज्य के समकक्ष निकाय द्वारा प्रदत्त एयरक्राफ्ट मेन्टीनेन्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किसी संस्था द्वारा प्रदत्त एयरक्राफ्ट मेन्टीनैन्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/प्रमाण पत्र। (1) (ख) मैकेनिकल शाखा में हैवी एयरक्राफ्ट या रोटरी एयरक्राफ्ट और टरबाइन इंजन और विमानन शाखा में इलेक्ट्रिकल सिस्टम, इंस्ट्रूमेंट सिस्टम और रेडियो नैवीगेशन में महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त करेन्ट बेसिक एयरक्राफ्ट मेन्टीनैन्स इंजीनियर्स लाईसैन्स/सर्टिफिकेट। <u>अनुभव</u>-	7. <u>कम्प्यूटर प्रोग्रामर के पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u> <u>अर्हता-</u> (1)- विधि द्वारा स्थापित किसी भारतीय विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान में अभियान्त्रिकी स्नातक की उपाधि या समकक्ष उपाधि। <u>अनुभव</u>- किसी सरकारी संगठन या निगम में कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव। <u>अधिमानी अर्हता-</u> विमानन के क्षेत्र में कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन का अनुभव।

http://shasanadesh.up.gov.in

नागरिक उड्डयन में पांच वर्ष का अनुभव जो कि ऊपर उल्लिखित उपाधि / डिप्लोमा पूर्ण करने के पश्चात् अर्जित किया गया हो।	
8. <u>वैयक्तिक सहायक द्विभाषी आशुलिपिक सह टंकक के पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u> <u>अर्हता</u>- (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। (2) हिन्दी आशुलेखन में 80 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी आशुलेखन में 100 शब्द प्रति मिनट और हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति होना आवश्यक है। (3) कम्प्यूटर चलाने का ज्ञान ।	
9. <u>कार्यालय अधीक्षक के पद के लिए अनिवार्य अर्हता-</u> <u>अर्हता</u>- भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि <u>अनुभव</u>- लिपिकीय कार्य में अधिमानी रूप से पर्यवेक्षक के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव।	9. <u>वैयक्तिक सहायक / द्विभाषी आशुलिपिक सह टंकक पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>- <u>अर्हता</u>- (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा समकक्ष घोषित कोई परीक्षा। (2) हिन्दी आशुलेखन में 80 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी आशुलेखन में 100 शब्द प्रति मिनट और हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति। (3) डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 सोसाइटी द्वारा संचालित सी0सी0सी0 पाठ्यक्रम अथवा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई कम्प्यूटर पाठ्यक्रम
10. <u>लेखाकार / कैशियर के पद के लिए अनिवार्य अर्हता-</u>	10. <u>कार्यालय अधीक्षक पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>-

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

अर्हता- भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त वाणिज्य में कोई उपाधि अनुभव- लेखा कार्य/रोकड़ रख-रखाव (कैश हैण्डलिंग) में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।	अर्हता- भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। अनुभव- लिपिकीय कार्य में अधिमानी रूप से पर्यवेक्षक के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव।
11. सिस्टम को-आर्डिनेटर के पद के लिए अनिवार्य अर्हता अर्हता- (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि होना आवश्यक है। (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर अप्लीकेशन में डिप्लोमा। अनुभव- एक वर्ष का कार्य करने का अनुभव।	11. लेखाकार / कैशियर पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त वाणिज्य में कोई उपाधि। (2) डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 सोसाइटी द्वारा संचालित सी0सी0सी0 पाठ्यक्रम । अथवा माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई कम्प्यूटर पाठ्यक्रम । अनुभव- लेखा कार्य/रोकड़ रख-रखाव में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।
12. स्टोर कीपर के पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि । अनुभव- लिपिकीय कार्य में अधिमानी रूप से पर्यवेक्षक के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव।	12. सिस्टम को-आर्डिनेटर पद के लिए अनिवार्य अर्हता अर्हता- (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन में डिप्लोमा। अनुभव- तीन वर्ष का कार्य करने का अनुभव।
13. सुरक्षा सुपरवाइजर के पद के लिए अनिवार्य अर्हता - सेना के सेवा निवृत्त जूनियर कमीशन्ड आफीसर में से चयन समिति के माध्यम से साक्षात्कार के आधार पर।	13. स्टोर कीपर पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	अनुभव- लिपिकीय कार्य में अधिमानी रूप से पर्यवेक्षक के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव।
14. तकनीशियन पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- (1) बेसिक वायुयान अनुरक्षण अभियांत्रिकी लाईसैन्स जिसमें आर0ए0/ एच0ए0 और जे0ई0 या ई0एस0, आई0एस0, आर0एन0 भी आच्छादित हो और न्यूनतम दो वर्ष का उड्डयन का कार्य का अनुभव होना आवश्यक है। या प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश का मैकेनिकल या इलेकिट्रकल या एयरोनाटिकल या इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई डिप्लोमा और डिप्लोमा पूर्ण करने के पश्चात् न्यूनतम दो वर्ष का उड्डयन का कार्यकारी अनुभव होना आवश्यक है। या महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त वायुयान अनुरक्षण अभियांत्रिकी / वायुयान रेडियो अनुरक्षण अभियांत्रिकी में तीन वर्षीय डिप्लोमा और डिप्लोमा पूर्ण करने के पश्चात् न्यूनतम दो वर्ष का उड्डयन का कार्यकारी अनुभव होना आवश्यक है। या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान और गणित के साथ विज्ञान में स्नातक उपाधि और न्यूनतम तीन वर्ष का उड्डयन का व्यावहारिक अनुभव होना आवश्यक है। या माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से विज्ञान के साथ हाई स्कूल की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई	14. सुरक्षा सुपरवाइजर पद के लिए अनिवार्य अर्हता – अर्हता- भारतीय सेना से सेवानिवृत्त जूनियर कमीशन्ड आफीसर में से चयन समिति के माध्यम से साक्षात्कार के आधार पर।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से किसी अभियांत्रिकी व्यवसाय में प्रमाण पत्र होना आवश्यक है या नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश या किसी अन्य वायुयान अनुरक्षण और मरम्मत संगठन में हेल्पर के रूप में छः वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है।	
15. <u>सहायक लेखाकार के पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>- <u>अर्हता</u>- माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की वाणिज्य के साथ इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। <u>अनुभव</u>- लेखा संबंधी कार्यों से सम्बन्धित कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।	15. <u>तकनीशियन पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>- <u>अर्हता</u>- बेसिक वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता लाइसैन्स, जिसमें आर0ए0/ एच0ए0 और जे0ई0 या ई0एस0, आई0एस0, आर0एन0 अथवा महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा जारी सी.ए.आर.-66 के अनुसार सम्बन्धित श्रेणियों में समकक्ष माड्यूल आच्छादित हो । <u>अनुभव</u>- विमानन क्षेत्र में न्यूनतम 02 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव । या प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश का मैकेनिकल या इलैक्ट्रिकल या एयरोनाटिकल या इलैक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई डिप्लोमा। डिप्लोमा पूर्ण करने के पश्चात् विमानन क्षेत्र में न्यूनतम दो वर्ष तक कार्य करने का अनुभव । या प्राविधिक शिक्षा परिषद या राज्य सरकार के समकक्ष निकाय द्वारा प्रदत्त वायुयान अनुरक्षण अभियन्त्रण में डिप्लोमा अथवा महानिदेशक, नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किसी संस्थान द्वारा प्रदत्त वायुयान अनुरक्षण अभियन्त्रण में डिप्लोमा / प्रमाण पत्र। डिप्लोमा पूर्ण करने के पश्चात् विमानन क्षेत्र में न्यूनतम दो वर्ष तक कार्य करने का अनुभव । या

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान या गणित के साथ विज्ञान में स्नातक। विमानन क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष तक कार्य करने का अनुभव।
16. <u>लेखा लिपिक के पद के लिए अनिवार्य अर्हता-</u> <u>अर्हता</u>- माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की वाणिज्य के साथ इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। <u>अनुभव</u>- लेखा संबंधी कार्य से सम्बन्धित कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।	16. <u>सहायक लेखाकार पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>- <u>अर्हता</u>- (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक की उपाधि या विश्वविद्यालय या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से लेखा-कर्म में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से कम्प्यूटर प्रचालन में 'ओ' लेवल डिप्लोमा। <u>अनुभव</u>- लेखा सम्बन्धी कार्य में न्यूनतम पाँच वर्ष का अनुभव।
17. <u>लिपिक के पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>- <u>अर्हता</u>- (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। (2) हिन्दी टंकण में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट की गति होना आवश्यक है। (3) कम्प्यूटर चलाने का ज्ञान ।	17. <u>लेखा लिपिक पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>- <u>अर्हता</u>- (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से वाणिज्य के साथ इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा। (2) डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 सोसाइटी द्वारा संचालित सी0सी0सी0 पाठ्यक्रम । अथवा माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर पाठ्यक्रम । <u>अनुभव</u>- लेखा सम्बन्धी कार्य में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव।
18. <u>ई0पी0ए0बी0एक्स0 आपरेटर के पद के लिए अनिवार्य अर्हता</u>- <u>अर्हता-</u> (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना	18. <u>लिपिक पद के लिए अनिवार्य अर्हता-</u> <u>अर्हता</u>- (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा ।

http://shasanadesh.up.gov.in

आवश्यक है। (2) संचार विभाग भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया ई0पी0ए0बी0एक्स0 परिचालन में सर्टीफिकेट।	(2) हिन्दी टंकण में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट की गति । (3) डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 सोसाइटी द्वारा संचालित सी0सी0सी0 पाठ्यक्रम । अथवा माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर पाठ्यक्रम ।
19. वाहन चालक (वाहन / ट्रैक्टर) के पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- कक्षा आठ उत्तीर्ण होना आवश्यक है और ड्राइविंग लाइसैन्स और तीन वर्ष वाहन चलाने का अनुभव आवश्यक है।	19. ई0पी0ए0बी0एक्स0 आपरेटर पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से विज्ञान के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा । (2) संचार विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया ई0पी0ए0बी0एक्स0 परिचालन में प्रमाण पत्र।
20. जनरेटर आपरेटर के पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्युत अभियंत्रण व्यवसाय में प्रमाण-पत्र ।	20. वाहन चालक (वाहन / ट्रैक्टर) पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विद्यालय से कक्षा आठ उत्तीर्ण और विधिमान्य ड्राइविंग लाइसैन्स के साथ तीन वर्ष तक वाहन चलाने का अनुभव ।
21. हेल्पर पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की विज्ञान के साथ हाई स्कूल परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण होना या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से किसी अभियांत्रिकी व्यवसाय में प्रमाण पत्र आवश्यक है। (2) ऐसे अभ्यर्थी को जिन्हें उड्डयन का व्यवहारिक अनुभव हो, अधिमानता दी जायेगी।	21. जनरेटर ऑपरेटर के पद के लिए अनिवार्य अर्हता- अर्हता- (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अन्य परीक्षा । (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से वैद्युत अभियन्त्रण सम्बन्धी व्यवसाय में प्रमाण-पत्र ।
22. चपरासी/स्वीपर/चौकीदार/सुरक्षा गार्ड/संदेश	22. तकनीकी सहायक पद के लिए अनिवार्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

वाहक (डिस्पैच राइडर)/ कुक/वेटर/ कैश कुली/वार्ड ब्वाय आदि पदों के लिए अनिवार्य अर्हता अर्हता- (1) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विद्यालय से कक्षा 5 या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। (2) साइकिल चलाना आना आवश्यक है।	अर्हता- अर्हता- (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से विज्ञान के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अन्य परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से किसी अभियन्त्रण व्यवसाय में प्रमाण पत्र। (2) विमानन में तीन वर्ष तक कार्य करने का अनुभव।
	23. चपरासी/स्वीपर/चौकीदार/सुरक्षा गार्ड/संदेश वाहक (डिस्पैच राइडर) / कुक/वेटर/ कैश कुली/वार्ड ब्वाय आदि पदों के लिए अनिवार्य अर्हता अर्हता- (1) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विद्यालय से कक्षा 8 या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

आज्ञा से,
एस0पी0 गोयल
अपर मुख्य सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

Uttar Pradesh Shasan
Naagrik Uddayan Vibhaag

In pursuance of provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification no:78/2021/1493/LVI-2021-58/2011 dated 17 August, 2021:-

NOTIFICATION

No: 78/2021/1493/LVI-2021-58/2011
Lucknow, Dated 17 August, 2021

In exercise of powers under sub-section (3) of section 2-A of the Police Act, 1861 (Act no. 5 of 1861), the Governor is pleased to make the following rules with a view to amend the Uttar Pradesh Civil Aviation Personnel Recruitment Rules, 2011.

THE UTTAR PRADESH CIVIL AVIATION PERSONNEL RECRUITMENT (SECOND AMENDMENT) RULES,2021

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Civil Aviation Personnel Recruitment (Second Amendment) Rules, 2021.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the *Gazette*.

Amendment of rule-4

2. In the Uttar Pradesh Civil Aviation Personnel Recruitment Rules, 2011 (hereinafter referred to as the " said rules"), in rule 4 in sub-rule 1:-

(1) in clause (1) for sub- clauses (a), (b) and (c) set out in Column-1 below, the sub-clauses as set out in Column-2 shall be substituted, namely:-

COLUMN-1	COLUMN-2
Existing sub- clauses	Sub- clauses as hereby substituted
(a) Director This post shall be filled from amongst the officers who are holding or have held, the post not below the post of Special Secretary in the Uttar Pradesh State Secretariat on permanent merger/transfer of service/ deputation basis.	**(a) Director** This post shall be filled from amongst the officers of Indian Administrative Service cadre or Uttar Pradesh Provincial Civil Service cadre (PCS cadre) who are holding the post not below the post of Special Secretary in the Government of Uttar Pradesh, on transfer of service through the Department of Appointments.

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(b) Deputy Director This post shall be filled from amongst the officers holding equivalent post of other Departments of State Government of Uttar Pradesh by permanent merger of Service.	**(b) Additional Director (Technical)** This post shall be filled by appointing an officer, on contract basis, having Current Airlines Transport Pilot License OR Current Airlines Transport Pilot License(H) OR Current Commercial Helicopter Pilot License OR Current Aircraft Maintenance Engineer's License with 10 years of work experience as an AME.
(c) Deputy Director (Administration) This post shall be filled from amongst the officers holding the post of Section Officer of the Uttar Pradesh State Secretariat Services on permanent merger of service basis.	**(c) Additional Director (Administration)** This post shall be filled from amongst the officers of Uttar Pradesh Provincial Civil Services cadre (Pay Band 15600-39100, Grade Pay -7600) on transfer of service through the Department of Appointments.

(2) in clause (1), for sub- clause (e) set out in Column-1 below, the sub- clause as set out in Column-2 shall be substituted, namely:-

COLUMN-1	COLUMN-2
Existing sub- clause	Sub- clause as hereby substituted
(e) Chief Security Officer This post shall be filled from amongst the officers of the Uttar Pradesh Police Services holding equivalent post by permanent merger of service.	**(e) Security Officer** **(Group B Services)** This post shall be filled from amongst the officers of the Uttar Pradesh Police Services (Pay Band 15600-39100, Grade Pay -5400) on transfer of service through the Department of Home.

(3) for clause (2) set out in Column-1 below, the clause as set out in Column-2 shall be substituted, namely:-

COLUMN-1		COLUMN-2	
Existing clause		Clause as hereby substituted	
a	Chief Engineer	a	Additional Director(Technical)
